**आकाशवाणी शिमला**
**21.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने कहा– अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दे रही है सरकार– अध्यापक प्रशिक्षण प्रणाली में सुधार जारी।
- राज्य सचिवालय कर्मचारी सेवाएं महासंघ की सरकार के साथ हुई वार्ता– महासंघ ने बैठक को बताया सकारात्मक।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर सभी मोर्चों पर नाकाम रहने का लगाया आरोप।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– प्रारंभिक शिक्षा विभाग में जल्द भरे जाएंगे अध्यापकों के 2 हज़ार 8 सौ पद।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार अनुसंधान व नवाचार के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण तंत्र को मजबूत करने के लिए एस.सी.ई.आर.टी और डाइट संस्थानों को सशक्त करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक अध्यापकों के नवाचार प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाएगा और अध्यापकों के लिए ब्रिज कोर्स कराए जाएंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार शैक्षिक मानकों को बढ़ाने और अध्यापक प्रशिक्षण प्रणाली में सुधार कर रही है। इसके अलावा नवाचार अपनाने के लिए अध्यापकों को एक्सपोज़र विजिट के लिए विदेश भेजने का कार्यक्रम भी शुरू किया गया है।

## मुख्यमंत्री सेहत

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की तबीयत अचानक खराब होने पर उनकी आज सुबह आई.जी.एम.सी. शिमला में स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने बताया कि डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री का अल्ट्रा साउंड करवाया, जिसकी रिपोर्ट सामान्य आई है। डॉक्टरों ने सुखविंदर सिंह सुक्खू को दो–तीन दिन आराम करने की सलाह दी है।

## कर्मचारी बैठक

राज्य सचिवालय कर्मचारी सेवाएं महासंघ के पदाधिकारियों ने आज राज्य सरकार के साथ वार्ता की। मुख्यमंत्री के अस्वस्थ होने के कारण उनके सचिव राकेश कंवर के साथ कर्मचारी संगठन की बैठक हुई है। महासंघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बैठक को सकारात्मक बताते हुए कहा कि उन्होंने कर्मचारियों के लंबित डीए और एरियर सहित अन्य मांगों को सरकार के समक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि इन मांगों को लेकर जल्दी ही मुख्यमंत्री के साथ बैठक की जाएगी। संजीव शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों और पैंशनरों की लंबित वित्तीय देनदारियों को लेकर सचिवालय कर्मचारी संघर्ष कर रहे थे और आज की बैठक के माध्यम से उन्हें उम्मीद नज़र आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन करने को लेकर कुछ कर्मचारियों को जारी किए गए नोटिस को भी सरकार से वापिस लेने की मांग की गई है।

## सौ वर्श

केंद्र की मोदी सरकार ने अपने ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। इस दौरान सरकार ने मध्यम वर्ग, संरचनाओं, किसानों, महिलाओं और युवाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए 15 लाख करोड रुपये की परियोजनाएं शुरू की। केंद्रीय सूचना व प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए सरकार के पहले 100 दिनों में 15 लाख करोड़

रूपये आवंटित किये हैं। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा से राष्ट्र का बहुत सारा धन बचेगा। सरकार ने सौ दिन की पहल के अंतर्गत गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस–जी.ई.एम ने अपने प्लेटफार्म पर विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लेन–देन शुल्क में कटौती की है।

**विधानसभा अध्यक्ष**

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र–2 का एक वर्ष के लिए संयोजक बनाया है। वे सितंबर 2024 से अगस्त 2025 तक इस संघ के संयोजक रहेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया हिमाचल के अलावा हरियाणा, दिल्ली, जम्मू–कश्मीर और पंजाब के संयोजक होंगे। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र–2 को मज़बूती प्रदान करने में अपना भरपूर योगदान देने का प्रयास करेंगे।

**कृशि मंत्री**

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने आज ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के कुठेड़ में 23 लाख रूपये से बने पशु औषधालय और डोल–पद्दर में 63 लाख रूपये से निर्मित आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों को पशुपालन की ओर प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। चंद्र कुमार ने बताया कि भैंस के दूध का खरीद मूल्य बढ़ाकर 55 रूपये जबकि गाय के दूध का मूल्य 45 रूपये प्रति लीटर किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों से उनके घर–द्वार के नज़दीक दूध एकत्रित करने के लिए सरकार 2 सौ रेफ्रिजरेटर मिल्क वैन खरीदने जा रही है। इन वाहनों के ज़रिए किसानों व एकत्रीकरण केंद्रों से दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों तक दूध ले जाया जा सकेगा। पशुपालन मंत्री ने बताया कि सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुधन को लेकर राज्य सरकार एक नीति बनाने जा रही है।

**जयराम**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर सभी मोर्चों में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग आज सरकार के खिलाफ सड़कों पर आ गया है और विभिन्न संगठनों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन से ये स्पष्ट हो गया है कि लोग राज्य सरकार से खुश नहीं हैं। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद राज्य सरकार सभी गारंटियां भूल गई है और तानाशाह की तरह शासन किया जा रहा है। विपक्ष के नेता ने कहा कि कर्मचारियों के वेतन को विलंबित करने का फॉर्मूला सरकार की नासमझी और दूरदर्शी सोच न होने का परिणाम है।

**भाांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत आज सोलन और कंडाघाट शिक्षा खंड के अध्यापकों को 2 सौ 61 टैबलेट वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी, प्राथमिक स्कूलों के 17 हज़ार 5 सौ 10 अध्यापकों को ये टैबलेट दिए जा रहे हैं। शांडिल ने बताया कि सरकार के इस कदम से स्कूलों में शिक्षण प्रक्रियाओं के डिजिटाइजेशन में सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन टैबलेट का इस्तेमाल कर अध्यापक ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग ले सकेंगे।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिक्षा क्षेत्र का विकास लगातार जारी है और विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर देने के लिए राज्य में इस समय एक सौ 31 महाविद्यालय है जबकि स्कूलों की संख्या 16 हजार के करीब है। रोहित ठाकुर ने आज शिमला जिले के राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कुपवी में जिला स्तरीय अंडर–19 छात्र खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मूल्यांकन सर्वेक्षण के मुताबिक शिक्षा के क्षेत्र में देश में हिमाचल 21वें स्थान पर है और इसमें सुधार के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। रोहित ठाकुर ने बताया कि कॉलेजों में 80 प्राचार्यों की नियुक्ति पदोन्नति के माध्यम से जबकि 20 प्राचार्यों की सीधी नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग में अध्यापकों के 2 हजार 8 सौ पद भरे जाएंगे और 6 हजार 2 सौ एन.टी.टी की भर्ती भी की जाएगी।

**भाजपा मोर्चा**

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी अणिमा सोनकर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आरक्षण विरोधी रही है और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में आरक्षण को लेकर ऐसा ही बयान दिया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर राहुल गांधी देश को अपमानित करने का काम करते है। उन्होंने कहा कि आरक्षण खत्म करने संबंधी कांग्रेस नेता का बयान आरक्षित वर्गों के खिलाफ है।

**सुंदर ठाकुर**

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने आज कुल्लू ज़िले में लोट से काइसधार पीज़ के लिए इको ट्रेल का शुभारंभ किया। उन्होंने इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और लोट से काइसधार पीज़ तक यात्रा की। सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि पर्यटन के लिए इस तरह की गतिविधियां लाभकारी साबित होंगी।

**पर्यटन निगम**

राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने कहा है कि निगम को घाटे से उबारने की कवायद शुरू हो गई है। उन्होंने आज चंबा में निगम के अधीन आने वाली इकाईयों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। पत्रकारों से बातचीत में राजीव कुमार ने कहा कि निगम के होटलों में बुकिंग बढ़ाने की आवश्यकता है और इसके लिए मार्केटिंग क्षेत्र को सुदृढ़ किया जाएगा।

**निषाद कुमार**

पेरिस पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद कुमार ने आज शिमला के विकासनगर में सरस्वती विद्या मंदिर में विद्यार्थियों और अध्यापकों से संवाद किया। उन्होंने युवाओं से खेलों से जुड़ने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। निषाद कुमार ने कहा कि पैरा खेलों में पदक जीतने का सफर उनके लिए आसान नहीं रहा है और उन्होंने विकट परिस्थितियों के बावजूद खेलों के जुनून को ज़िंदा रखा है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री ने कहा– अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दे रही है सरकार– अध्यापक प्रशिक्षण प्रणाली में सुधार जारी।
- राज्य सचिवालय कर्मचारी सेवाएं महासंघ की सरकार के साथ हुई वार्ता– महासंघ ने बैठक को बताया सकारात्मक।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर सभी मोर्चों पर नाकाम रहने का लगाया आरोप।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– प्रारंभिक शिक्षा विभाग में जल्द भरे जाएंगे अध्यापकों के 2 हज़ार 8 सौ पद।

.......................................................................................................................................................